अवैध हॉलमार्किंग सेंटर पर छापेमारी

नई दिल्ली (का.सं.)। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने शुक्रवार को चांदनी चौक में छापेमारी की। यहां बीआईएस की किसी प्रकार की मान्यता के बगैर स्वर्ण आभूषणों का परीक्षण और हॉलमार्किंग का काम चल रहा था।

बीआईएस सूत्रों के अनुसार इस केंद्र के बारे में विशेष जानकारी मिलने और अनधिकृत विज्ञापन संज्ञान में आने के बाद छापेमारी की गई थी। इसमें पाया गया कि यह केंद्र पिछले साल जुलाई से बीआईएस लोगो का दुरुपयोग कर रहा था और इसके जरिए ग्राहकों तथा ज्वैलर्स को धोखा दे रहा था। छापे के दौरान ऐसे दस्तावेज जब्त किए गए जिनसे गैरकानूनी काम का पता चलता है।